an>

Title: Need to utilize the land donated by farmers under Bhoodan Movement launched by Vinoba Bhave.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान राष्ट्रीय महत्व की समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूँ कि महात्मा गांधी जी से प्रेरणा लेकर विनोबा भावे जी ने जो भूदान आंदोलन किया जिससे देश के विभिन्न प्रदेशों में लगभग 3.5 लाख हेक्टेयर जमीन किसानों ने दान दी थी वह भूमि जस की तस पड़ी है। जैसी कि मुझे जानकारी मिली है। जबकि इस जमीन को विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों हेतु लाने की आवश्यकता थी जो बेरोजगारी एवं भुखमरी से बचाने में सहायक होता। जिस संस्था ने भूदान मंडल का निर्माण किया था और जो आज अस्तित्वहीन हो गई है, उसको अस्तित्व में लाने की भी आवश्यकता है।

अतः मैं माननीय गृह मंत्री जी से पुनः आग्रहपूर्वक निवेदन करता हूं कि भूदान से अर्जित जमीन की सही व्यवस्था कर उसे लाभ लेने हेतु कार्यक्रम बनाने की कृपा करे जिससे कि आम नागरिक को लाभ हो एवं देश के सर्वांगीण विकास में सहायक हो।